दिन–मंगलवार दिनांक– 22 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रप्रति द्रौपदी मुर्मू ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। श्री धनखड़ ने अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कल राष्ट्रपति अपना इस्तीफा भेज दिया था। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री धनखड़ की अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री धनखड़ ने भारत के उप राष्ट्रपति सहित विभिन्न पदों पर रहते हुए देश की सेवा की है। उनके राजनीतिक अनुभव और जिम्मेदारपूर्ण कार्यशैली का काफी लाभ मिला है।

———————————————————————————

विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन भी आज विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सदन के बाहर और भीतर जमकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्य काले वस्त्रों में हाथों में बैनर लिए सदन के बीचो–बीच आ गए। विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सदस्यों ने रिपार्टर टेबल भी पलटने का प्रयास किया। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल की कार्यवाही जारी रखी। हंगामा और शोर–शराबा जारी रहने के कारण अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, विधान परिषद में भी राजद, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी सदस्यों ने सदन के बाहर जोरदार नारेबाजी और हंगामा किया।

———————————————————————————

संसद का मानूसन सत्र भी चल रहा है। सत्र के दूसरे दिन आज लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी और हंगामा किया। हंगामे के कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले सदन की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक और फिर दोपहर दो

बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, राज्यसभा में भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण विधायी कार्य प्रभावित हुआ।

———————————————————————————

न्यायमूर्ति सुधीर सिंह ने आज पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पूर्व न्यायमूर्ति सिंह पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे।

———————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पच्चीस जुलाई से राज्य में मानसून का एक मजबूत सिस्टम भी बन रहा है। ट्रफ लाईन राज्य के पूर्वी भागों से गुजरने के कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, अरवल, जहानाबाद समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

———————————————————————————

नेपाल से निकलने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते प्रदेश में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधीघाट और हाथीदह तथा भागलपुर के कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से लगभग आधा मीटर ऊपर बना हुआ है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर कटिहार के कुरसेला में लाल निशान को पार कर गया है।

———————————————————————————

भोजपुर जिले की बिहिया में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अपराधी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने पटना के पारस अस्पताल में गोलीबारी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

————————————————————————————

अररिया जिला की विशेष पोक्सो अदालत ने छह वर्ष की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी जितेन्द्र शर्मा को बीस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर पचास हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

————————————————————————————

समाप्त